**संख्या-41015/6/2025-बीसी.III**

**भारत सरकार**

**सूचना और प्रसारण मंत्रालय**

*****

**शास्त्री भवन, नई दिल्ली**

**दिनांक: 30 अक्टूबर, 2025**

सेवा में,

सभी प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनल

महोदय/महोदया,

31 अक्टूबर 2025 को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आरंभ सुबह 6:50 बजे नई दिल्ली स्थित सरदार पटेल चौक पर माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू और माननीय उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन द्वारा सरदार पटेल को पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ होगी। इसके बाद सुबह 7:20 बजे नई दिल्ली के मेजर ध्यान चंद स्टेडियम में माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इन कार्यक्रमों का प्रसारण डीडी न्यूज़ चैनल पर किया जाएगा तथा प्रसार भारती के माध्यम से लाइव-स्ट्रीम भी किया जाएगा।

2. माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह के रूप में गुजरात के केवड़िया स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी परिसर में सुबह 8 बजे से परेड का आयोजन किया जाएगा। इस समारोह का सीधा प्रसारण डीडी न्यूज़ / डीडी नेशनल तथा दूरदर्शन नेटवर्क के अन्य चैनलों पर किया जाएगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती शब्द (SHABD) पर भी लाइव-स्ट्रीम किया जाएगा। इसके साथ ही, डीडी भारती इस कार्यक्रम का सांकेतिक भाषा (Sign Language) इंटरप्रिटेशन के साथ सीधा प्रसारण करेगा।

3. सभी प्राइवेट सैटेलाइट टीवी चैनल, डीडी न्यूज़/डीडी नेशनल, प्रसार भारती शब्द (SHABD) या सांकेतिक भाषा (Sign Language) इंटरप्रिटेशन के साथ डीडी भारती के सिग्नलों का उपयोग करते हुए एकता दिवस समारोह का सीधा प्रसारण कर सकते हैं, ताकि दिव्यांगजन सहित सभी दर्शकों के लिए इस कार्यक्रम को सुलभ बनाया जा सके।

(अर्पिता एस)

उप सचिव, भारत सरकार

दूरभाष: 23380119

**प्रतिलिपि:**

1. अध्यक्ष, दि इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन, नई दिल्ली
2. अध्यक्ष, न्यूज़ ब्रॉडकास्टर्स फेडरेशन, नई दिल्ली
3. समाचार प्रसारकों के अन्य संगठन